Set A

तृतीय कालांत योगात्मक आकलन 2025-2026
SUMMATIVE ASSESSMENT III
(Model)
Third Language
HINDI

Time : 90 Minutes
Cool of time : 15 Minutes

Standard : X
Score : 40

सूचना : 'खिड़की' लघुकथा का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> मैंने पत्नी को इशारा किया, तो उसने आँखें तरेरकर मुझे चुप रहने का संकेत दिया। "अच्छा पाँच पीस लूँ तो कितने को दोगी?" "दो सौ रुपए पर पीस ले लेना दीदी!" "न! सौ रुपए पर पीस!" "दीदी! सौ तो बहुत कम है।" –कहते हुए उसका गला रुँध गया और उसकी कजरारी आँखें भर आईं।

1. सही विकल्प चुनकर लिखें । 1

    (क) वह + के = उसका (ख) वह + की = उसका

    (ग) वह + का = उसका (घ) वह + ने = उसका

2. युवती की आँखें भर आईं। क्यों? 2

3. लघुकथा के इस प्रसंग पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

सूचना : 'व्हाइट कैप' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।

> कोई भी टीम उसे अपनी तरफ़ खिलाने को तैयार नहीं होती थी। कई बार केशव ने अपने माता-पिता से उसके लिए भी बल्ला और बॉल खरीद देने का आग्रह किया था। मगर माता-पिता ने उसे डपट दिया था। "जब तू अच्छे नंबर से पाँचवीं पास कर लेगा तो एक बॉल खरीद ही देंगे!"

4. केशव को कोई भी टीम अपनी तरफ़ खिलाने को तैयार नहीं थी। क्यों? 2

5. प्रस्तुत प्रसंग पर माता-पिता और केशव के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। 4

अथवा

परीक्षा के बाद केशव ने दादाजी से माता-पिता के पास जाने का आग्रह किया। इसपर केशव और दादाजी के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें।

© State Assessment Cell - SCERT, Kerala

सूचना : तुलसी का दोहा पढ़ें, प्रश्न 6 और 7 के उत्तर लिखें।

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान।
तुलसी दया न छोड़िये, जब तक घट में प्राण॥

6. 'घट' समानार्थी शब्द क्या है? 1

(क) स्वभाव (ख) शरीर (ग) वचन (घ) नाश

7. तुलसी के प्रस्तुत दोहे का **आशय** लिखें। 2

सूचना : 'मेरी दुनिया के तमाम बच्चे' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 8 के उत्तर लिखें।

वो तुम्हारी दीवारों में
छेद कर देंगे एक दिन
और आर-पार देखने की कोशिश करेंगे
वो सहसा चीखेंगे !
और कहेंगे-
"देखो! उस पार भी मौसम तो हमारे यहाँ जैसा ही है"

8. "देखो! उस पार भी मौसम तो हमारे यहाँ जैसा ही है" इससे आपने क्या समझा? 2

सूचना : 'परी लड़की' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।

जब ट्रेन रुकी, तो गार्ड ने मेरी बाँह पकड़ी। उसने मुझे अंधेरे में उतार दिया। रात की हवा में गोलियों की आवाज़ गूँजने लगी। मेरे कपड़े उतार दिए गए और मेरी तलाशी ली गई। मुझे एक यूनिफॉर्म और काम सौंपा गया। "बैरेक में जाओ" - एक गार्ड चिल्लाया।

9. हरमन के माँ से बिछुड़ने का कारण क्या है? 2

10. बैरेक के अनुभवों का जिक्र करते हुए हरमन की **डायरी** लिखें। 4

अथवा

बैरेक के अनुभव बताते हुए हरमन ने अपनी माँ के नाम पत्र लिखा। वह **पत्र** तैयार करें।

सूचना : 'दिल्ली में उनींदे' संस्मरण का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 11 का उत्तर लिखें।

"मुझे यहीं बैठा रहने दीजिए। मैं आपका सोफ़ा गंदा नहीं करना चाहता।" मैं कल की अपनी जान पहचान के नाते उसे दोस्ताना मुसकान देती हूँ। उसके शरीर में, चेहरे पर, हाथ-पाँव में इतनी सारी नीली रगें हैं– मैंने पहले नहीं देखा था। वह बैठता है, तो जैसे सारी भूख-प्यास उसके साथ बैठ जाती है।

© State Assessment Cell - SCERT, Kerala

11. ऑटो ड्राइवर राजाराम के चरित्र पर **टिप्पणी** लिखें। 4

अथवा

संकेतों की सहायता से 'बेघरों की समस्या' विषय पर लघु लेख लिखें।

- सामाजिक असमानता
- गरीबों की समस्या
- बेकारों की समस्या
- समाज का दृष्टिकोण

सूचना : 'पैदल चलता हुआ आदमी' कविता का यह अंश पढ़ें प्रश्न 12 का उत्तर लिखें।

वह अनाज उगाना बंद कर दें
तो वे भूखों मर जाएँगे,
उनके मकान न बनाए तो उन्हें
सिर छिपाने की जगह नहीं मिलेगी।

12. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

सूचना : 'गैलीलियो' लेख का यह अंश पढ़ें प्रश्न 13 और 14 का उत्तर लिखें।

आज से करीब चार सौ साल पहले की बात है। पूर्णमासी की एक रात थी। बारह साल का एक लड़का चाँद को देखते हुए एक पहाड़ी पर चढ़ रहा था। उसे लगा कि चाँद भी उसके साथ चढ़ रहा है। उसे बड़ा मज़ा आया।

13. पहचानकर लिखें कि कौन-सा क्रम सही है। 1

(i) गैलीलियो	(ii) डॉक्टर बनना चाहते थे।
(iii) पिता	(iv) बचपन से आलसी थे।
	(v) महान वैज्ञानिक थे।

(क) i और iii (ख) i और ii

(ग) i और v (घ) i और iv

14. वाक्य विस्तार करें। 3

(पिता ने, पढ़ने के लिए, डाक्टरी)

गैलीलियो को भेज दिया।

....

....

....

© State Assessment Cell - SCERT, Kerala

सूचना : नीचे दिए खंड पढ़कर प्रश्न 15 से 17 तक के उत्तर लिखें।

प्लास्टिक प्रदूषण हर जगह मौजूद है, हमारे महासागरों को दबा रहा है और दुनिया भर के समुदायों को ज़हर दे रहा है। हमें एक अलग रास्ता तय करना होगा। प्लास्टिक एक अत्यंत उपयोगी सामग्री है, लेकिन बहुत अधिक प्लास्टिक का उपयोग केवल एक बार ही किया जाता है और बहुत कम पुनर्चक्रण हो पाता है। इन एकल-उपयोग, कम मूल्य वाले प्लास्टिक की पहचान करना और उन्हें हटाना, प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की दिशा में पहला कदम है।

15. विशेषण शब्द चुनकर लिखें । 1

क) पहचान ख) मौजूद

ग) बहुत घ) प्रदूषण

16. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें। 1

प्लास्टिक प्रदूषण बढ़ता है।	प्लास्टिक प्रदूषण बढ़ेगा।
प्लास्टिक के कारण बीमारियाँ बढ़ती हैं।	.... ।

17. प्लास्टिक प्रदूषण कम करने का पहला कदम क्या है? 2

■

© State Assessment Cell - SCERT, Kerala